कॉर्पोरेट वर्ल्ड की डिमांड ओवरऑल पर्सनालिटी

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ● श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी द्वारा पर्सनालिटी डवलपमेंट पर दो दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। एक्सपर्ट अपर्णा प्रभु देसाई ने स्टूडेंट्स को टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि आज के इस तेजी से बदलते परिवेश में कॉर्पोरेट जगत मे वैश्विक एवं व्यावसायिक चुनौतियां बढ़ती जा रही है। आज के कॉर्पोरेट वर्ल्ड की डिमांड है ओवरऑल पर्सनालिटी डवलपमेंट। नॉलेज के साथ पर्सनालिटी का इंफ्लुएंसिव होना जरूरी हो गया है। इंटरव्यू में गेश्चर और बॉडी लैंग्वेज का सही होना बहुत जरूरी है। इंटरव्यू के समय किन बातों का ध्यान रखे, इस तरह के पहलू कार्यशाला में शामिल किए गए।